सुविचार

जीवन आईना है, उसमें आपका चेहरा नजर आता है। दोस्त बनकर रहिए। जिंदगी दोस्ती ही दिखलाई देगी।
ओशो

कुल पृष्ठ 14 | मूल्य ₹ 5.00

आप पढ़ रहे हैं देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

राष्ट्रीय संस्करण

dainikbhaskar.com | नई दिल्ली | शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2015, वैशाख कृष्ण पक्ष-6, 2072

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 28885.21 | पिछला 28707.75 |
| सोना | 26,800.00 | पिछला 27,200.00 |
| चांदी | 37,000.00 | पिछला 39,000.00 |
| डॉलर | 62.24 | पिछला 62.24 |
| यूरो | 67.01 | पिछला 67.54 |

## पहले गुड न्यूज

### टाटा स्काई का 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च

**मुंबई**| टाटा स्काई ने 8 रुपए का रिचार्ज कूपन लॉन्च किया है। इससे एक दिन के लिए टाटा स्काई की सर्विस ली जा सकेगी। यह डीटीएच रिचार्ज का सबसे छोटा कूपन है। ऑफर में डीएक्टिवेटेड कस्टमर्स भी शामिल हैं।

## IPL-8 : नतीजा

### चेन्नई ने दिल्ली को एक रन से हराया

आज का मैच
किंग्स इलेवन Vs राजस्थान रॉयल्स
(रात 8.00 बजे से)

## न्यूज इनबॉक्स

### लिफ्ट में 5 मिनट तक फंसे रहे गृहमंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली**| गृहमंत्री राजनाथ सिंह लिफ्ट में फंस गए। वे शौर्य दिवस के मौके पर सीआरपीएफ हेडऑफिस में एक कार्यक्रम में आए थे। 5 मिनट के बाद उन्हें लिफ्ट की छत के रास्ते निकाला गया। लिफ्ट की क्षमता 3 लोगों की ही थी। जबकि उसमें 4 सवार थे। विस्तृत पेज 3

### शियोमी ने 12 घंटे के भीतर 2.12 लाख फोन बेचे

**बीजिंग**|चाइना स्मार्टफोन कंपनी शियोमी ने बुधवार को 12 घंटे के अंदर अपने 2.12 लाख स्मार्टफोन बेचे है। इसके लिए उसका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। एशिया के सात देशों में इस स्मार्टफोन की बिक्री हुई थी।

### बीएसएफ को मिले दो एम आई-17 हेलीकॉप्टर



**नई दिल्ली**|बीएसएफ को दो अत्याधुनिक एम आई-17 हेलीकॉप्टर मिले हैं। साल के अंत तक बीएसएफ को इस तरह के 6 और हेलीकॉप्टर दिए जाएंगे। साथ ही सरकार पायलटों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है।

### रिलायंस ने लॉन्च किया वाट्सएप की तरह जीयो चैट

**नई दिल्ली**|रिलायंस ने वाट्सएप की तरह जीयो चैट को लॉन्च किया है। यह एंड्रायड और ओएस फ्लेटफॉर्म पर भी चलेगा। कंपनी मुफ्त में एसएमएस करने का ऑफर भी दे रही है।

### फर्जी आईएएस प्रशिक्षण : रूबी की तबीयत बिगड़ी

**देहरादून** | उत्तराखंड के मसूरी स्थित लालबहादुर शास्त्री अकादमी में फर्जी तरीके से आईएएस का प्रशिक्षण लेने की आरोपी रूबी चौधरी की तबीयत अचानक खराब हो गई है। उसे गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मोदी 10 दिन की विदेश यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली**| प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम 10 दिन की विदेश यात्रा पर रवाना हो गए। वे इस दौरान फ्रांस, जर्मनी और कनाडा का दौरा करेंगे। इस बीच, वे सात जगहों पर जाएंगे।
विस्तृत पेज 3 पर

## बना-रसियों के कानों में घुल गए गुलाम...



**वाराणसी**| बीते 91 साल के सफर में पहली बार बनारस के संकटमोचन मंदिर के संगीत समारोह में कोई पाकिस्तानी फनकार आया। बनारस की तहजीब गुलाम अली को खींच लाई। बुधवार से शुरू हुए 92वें समारोह में उन्हें मंच पर आते-आते रात के एक बज गए। पर लोग मंदिर के आंगन से टस से मस न हुए। जब तक सुरों का सफर चला, उनके हमसफर बने रहे। शुरुआत में गुलाम अली ने ठुमरी सुनाई, 'तेरे बिना लागे न जिया...।' यह ठुमरी 40 साल पहले बनारस की मशहूर गायिका सिद्धेश्वरी देवी गाया करती थीं। फिर सिलसिला चला गजलों का। कुछ खुद से और कुछ फरमाइश पर। आखिर में, सुनने और सुनाने वाले तभी उठे, जब गुरुवार तड़के मंगला आरती का वक्त हो गया।

### चंदन तस्कर एनकाउंटर मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल देने से इनकार

एजेंसी|नई दिल्ली



आंध्र प्रदेश में 20 कथित चंदन तस्करों के मारे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खुद पहल करते हुए जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया है। तमिलनाडु के एक वकील ने इसका आग्रह किया था। एडवोकेट आर. कृष्णमूर्ति ने कोर्ट से आग्रह किया कि आंध्र प्रदेश पुलिस ने मंगलवार को तस्कर बताकर निर्दोष लोगों का एनकाउंटर किया। शेष पेज|4

## रोमिंग में फोन करना-सुनना और एसएमएस एक मई से होगा सस्ता

**नई दिल्ली** | भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने टेलीकॉम ऑपरेटरों को 1 मई से रोमिंग की कॉल और एसएमएस दरें कम करने के आदेश दिए हैं। यानी अब अपने राज्य (सर्कल) से बाहर कॉल का खर्च घटेगा। इसके अलावा ट्राई ने मोबाइल कंपनियों को स्पेशल रोमिंग टैरिफ प्लान लाने के लिए भी कहा है।

**यात्रा करने वालों के लिए राहत** ट्राई का ये फैसला उन लोगों के लिए खुशखबरी है, जो कामकाज के सिलसिले में दूसरे राज्यों में यात्रा करते हैं। साल की शुरुआत में ट्राई ने एक प्रस्ताव रखा था कि रोमिंग रेट्स में 80 प्रतिशत तक की कटौती की जाए।



**रोमिंग दरों में बदलाव**

| कॉलिंग | पहले | अब | एसएमएस | पहले | अब |
|---|---|---|---|---|---|
| लोकल आउटगोइंग | 1 रुपए/मिनट | 80 पैसे/मिनट | लोकल एसएमएस | 1 रुपए/मिनट | 25 पैसे |
| आउटगोइंग इंटरसर्कल | 1.50 रुपए/मिनट | 1.15 रुपए/मिनट | लॉन्ग डिस्टेंस एसएमएस | 1.50 रुपए | 38 पैसे |

इनकमिंग: 75 पैसे प्रति मिनट से घटाकर 45 पैसे प्रति मिनट की

## सत्यम घोटाला | दोनों भाइयों समेत सभी 10 आरोपी दोषी

# राजू को सात साल की जेल 5.5 करोड़ रु. का जुर्माना

- निवेशकों के 14 हजार करोड़ रुपए डूबे थे तब
- राजू ने खुद गड़बड़ी का खुलासा किया था

एजेंसी|हैदराबाद

कॉर्पोरेट जगत को हिलाकर रख देने वाले 14 हजार करोड़ रु. के सत्यम घोटाले में छह साल बाद फैसला आ ही गया। कंपनी के तब के मालिक बी. रामालिंगा राजू को 7 साल जेल की सजा हुई है। साथ ही 5.5 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

राजू के भाई बी. रामा राजू समेत बाकी नौ आरोपियों को भी 7-7 साल की सजा दी गई है। जुर्माने की रकम 25 लाख रुपए तक है।

यह देश का सबसे बड़ा अकाउंटिंग घोटाला था। कॉर्पोरेट जगत को हिला देने वाले इस घोटाले का खुलासा खुद रामालिंगा राजू ने 7 जनवरी 2009 को किया था। सेबी को पत्र लिखकर अकाउंट्स में छेड़छाड़ कर फायदा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने की बात कबूली थी। खाते में 7,000 करोड़ की गड़बड़ी की गई थी। खुलासे के दो दिन बाद ही राजू और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया था। फैसले के वक्त सभी आरोपी कोर्ट में थे। उन्हें फौरन हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। अब तक सभी जमानत पर थे।

### छह साल पहले राजू ने कहा था- 'हमें नहीं पता था कि शेर का निवाला बने बिना उस पर से उतरा कैसे जाए...'



**अब भी ठाठ बाकी** : फैसले से पहले कोर्ट पहुंचे रामालिंगा राजू। कार का दरवाजा खोलने के लिए दो लोग मौजूद थे।

### स्पिनिंग मिल से जेल तक का सफर

- आंध्र प्रदेश के किसान परिवार के राजू का पहला कारोबार स्पिनिंग और वीविंग मिल का था। कंपनी का नाम था श्री सत्यम।
- **1987 में 20 कर्मचारियों के साथ मिलकर सत्यम कंप्यूटर बनाई। 1992 पब्लिक लि. बनी। अमेरिका तक में लिस्टेड हुई।**
- कारोबार 66 देशों में फैला था। साख ऐसी बनाई कि सत्यम कंप्यूटर्स को 2002 में एशिया बिजनेस लीडर का अवॉर्ड मिला।
- **2001 और 2003 में भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज की गई थी। तब शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया। वर्ल्ड बैंक ने किसी भी तरह के लेन-देन पर आठ साल की पाबंदी लगाई थी।**
- जुलाई 2009 में नीलामी के वक्त सत्यम को महिंद्रा ने खरीद लिया। 21 मार्च 2012 को दोनों कंपनियों के बोर्ड की मंजूरी के बाद टेक महिंद्रा में महिंद्रा सत्यम का विलय हो गया।

### कॉर्पोरेट जगत में बेईमानी का दूसरा बड़ा मामला

- **राजू और उनके भाई धारा 409 (विश्वासघात), 120-बी (साजिश) और 420 (धोखाधड़ी) के साथ अन्य धाराओं में दोषी।**

**23 साल पहले हर्षद मेहता केस** : मेहता ने 1992 में जनवरी से अप्रैल के बीच 90 कंपनियों के 28 लाख शेयर खरीदे। फिर बेच दिए। बाजार का 1 लाख करोड़ डूब गया। मेहता पर 27 केस चले। एक में दोषी ठहराए गए। 2001 में हिरासत में ही मौत हो गई।

राजू दो महीने के भीतर हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती दे सकते हैं। वहां भी उनके खिलाफ फैसला हुआ तो सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

**लीना मंगत ने की थी पहली शिकायत**
सत्यम के खिलाफ सिकंदराबाद की लीना मंगत ने पहली शिकायत दर्ज कराई थी। सीबी-सीआईडी ने जनवरी 2009 को केस दर्ज किया था। लीना ने कहा था कि उन्होंने रिटायरमेंट पर मिले पैसे में से 19 हजार रुपए सत्यम में लगाए थे। लेकिन कंपनी की गड़बड़ियों के कारण डूब गए।

## मुफ्ती ने कश्मीरी पंडितों के लिए अलग टाउनशिप की संभावना से इनकार किया

**कहा : केंद्र सरकार को बता दिया है कि विस्थापित पंडित अलग नहीं रहना चाहते**

एजेंसी | जम्मू

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद ने गुरुवार को विधानसभा में कश्मीरी पंडितों के लिए अलग टाउनशिप बनाने की संभावना से इनकार कर दिया। इससे पहले सदन में विपक्षी दलों ने इसी मसले पर उनके पहले के बयान को लेकर जमकर हंगामा किया।

हंगामे के बीच ही सईद ने सदन में कहा, 'मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हम घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए अलग से कॉलोनियां नहीं बनाएंगे। हमने केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात में भी उन्हें यह बता दिया है। कश्मीरी पंडित अलग-थलग होकर नहीं रहना चाहते। हम भी इजरायल की तरह यहां अलग बस्ती नहीं बसाना चाहते। राज्य में माहौल खराब करने के लिए यह अफवाह फैलाई गई थी।'

उन्होंने कहा कि वे घाटी में लौटने वाले कश्मीरी पंडितों के लिए माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अलगाववादी इस पर राजनीति न करें। सईद की मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात हुई थी। इसके बाद कहा गया था कि मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया है कि राज्य सरकार विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए अलग टाउनशिप बनाने को तैयार है। इसके लिए जल्दी ही जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। विपक्ष ने इसकी तीखी आलोचना की थी।

**कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत समस्या को हल करेंगे : भाजपा**

**नई दिल्ली**| विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए अलग कॉलोनी या साथ ही रहने के विवाद को लेकर धैर्य रखा जाना चाहिए। समस्या का निराकरण कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत किया जाएगा। भाजपा महासचिव राम माधव ने गुरुवार को यह बात कही है। उन्होंने कहा कि पीडीपी और भाजपा इस विषय पर चर्चा कर रही हैं।

### 62 हजार कश्मीरी पंडित विस्थापित

जम्मू-कश्मीर के 62 हजार से ज्यादा पंडित दिल्ली और देश के अन्य इलाकों में विस्थापित के रूप में रह रहे हैं।सभी 1989 में आतंकी हमलों के दौरान कश्मीर से बाहर निकल आए थे।

## जेल से बाहर नहीं आना चाहिए लखवी : भारत

लाहौर हाईकोर्ट ने रद्द किया लखवी को हिरासत में रखने का आदेश

एजेंसी | लाहौर/नई दिल्ली

मुंबई हमले का मास्टरमाइंड जकी-उर-रहमान लखवी जल्द रिहा होगा। पाकिस्तान सरकार ने उसके खिलाफ संवेदनशील सबूत कोर्ट में पेश नहीं किए। इस आधार पर लाहौर हाईकोर्ट ने पंजाब प्रांत का मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर के तहत उसे हिरासत में रखने का आदेश निलंबित कर दिया।

भारत ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। गृह राज्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पाकिस्तान गंभीर नहीं है। हमारी सुरक्षा एजेंसियों ने जो सबूत उसे दिए हैं, उसने कोर्ट में पेश नहीं किए। इसी वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं। वैसे, भारत सरकार ने दोहराया है कि लखवी जैसा आतंकी जेल से बाहर नहीं आना चाहिए। जस्टिस मुहम्मद अनवरुल हक ने कहा कि 'कानून अधिकारी ने लखवी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। लेकिन कोर्ट इसे स्वीकार नहीं कर सकता। पेश किए गए सबूत असंतोषजनक है।'

### ट्रायल कोर्ट से दिसंबर में मिल चुकी है जमानत

मुंबई हमले के केस में लखवी को ट्रायल कोर्ट दिसंबर 2014 में ही जमानत दे चुकी है। भारत ने कड़ी आपत्ति उठाई थी। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने पाक उच्चायुक्त अब्दुल बासित को बुलाकर सीधे-सीधे कह दिया था कि कुछ भी करो, लेकिन लखवी बाहर नहीं आना चाहिए। तब इस्लामाबाद के जिला अधिकारी ने हिरासत में लेने का आदेश दिया था। यह आदेश इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने 13 मार्च को रद्द कर दिया था। इसके बाद ओकारा जिला प्रशासन ने भी लखवी को हिरासत में लेने का आदेश जारी कर दिया था। जिसे लाहौर हाईकोर्ट ने मंगलवार को निलंबित किया।

**नरोडा पाटिया मामला**

## सिर्फ माया कोडनानी के मामले में तेजी पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

एजेंसी | नई दिल्ली

नरोडा पाटिया दंगों के मामले में माया कोडनानी की अपील पर गुजरात हाईकोर्ट में सुनवाई में तेजी आई है। जबकि बाकी अपीलें लंबित हैं। इस पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है।

कोर्ट ने सवाल उठाया कि कोडनानी की अपील पर कैसे जल्दी सुनवाई हो रही है, जबकि उनके निज सहायक की अपील लंबित है। इसके साथ ही चीफ जस्टिस एचएल दत्तू, जस्टिस एमबी लोकुर और एमवाई इकबाल की बेंच ने हाईकोर्ट में दो माह के लिए मुकदमे की कार्यवाही रोक दी। इस मामले में एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट का ध्यान खींचा था। एसआईटी के वकील हरीश साल्वे ने कहा कि हाईकोर्ट सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करने की एजेंसी की अर्जी पर फैसला नहीं कर रही है। एसआईटी ने दंगों के मामलों में दो सीलबंद रिपोर्ट भी पेश कीं। शेष पेज|4

**एनजीटी की चेतावनी**

## ठीक से काम कीजिए, नहीं तो पूरा चमड़ा उद्योग उखाड़ फेकेंगे

**उत्तर प्रदेश जल निगम पर आगबबूला हुआ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल**

एजेंसी | नई दिल्ली

गंगा में प्रदूषण फैला रही कानपुर की चमड़ा फैक्ट्रियों को लेकर एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) सख्त है। उसने उत्तरप्रदेश जल निगम को चेतावनी दी है, 'अगर इन फैक्ट्रियों से निकलने वाली गंदगी को रोकने के लिए ठीक से काम नहीं किया। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को अपग्रेड नहीं किया, तो पूरा चमड़ा उद्योग उखाड़ फेकेंगे।' एनजीटी ने निगम से पूछा, 'आप एक-दूसरे के सिर पर टोपी रखने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? ठीक तरह से काम क्यों नहीं कर सकते?' एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस स्वतंत्र कुमार की बेंच ने केंद्रीय और उत्तरप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को 'विस्तृत और पूरी योजना' पेश करने को कहा है। संयुक्त रूप से जांच करने के बाद रिपोर्ट देने को भी कहा। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी।

### डीसी और डीसीपी को मंच पर बुलाकर बोले सीएम मनोहरलाल

## जनता को बताओ; पैसे लेकर काम करने का जमाना चला गया




**कालका** | तस्वीर पंचकूला के कालका की है। गवर्नमेंट कॉलेज के सामने मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले अधिकारी काम करने के एवज मे कहते थे कि ऊपर तक जाता है। अब मैं खड़ा हूं या फिर ऊपर वो भगवान है। तभी सीएम ने जिले के डीसी व डीसीपी को मंच पर बुलाया और कहा कि हाथ खड़े कर जनता को बताओ कि अब पैसे लेकर काम करने का जमाना चला गया है।

**भास्कर ख़ास** | देश में पहली बार अहमदाबाद के डॉक्टरों ने ईजाद किया हार्ट वॉल्व बदलने का नया तरीका


# सीने में छोटा सा छेद किया, और बदल दिया वॉल्व

समीर राजपूत |अहमदाबाद

खराब हो चुके दिल के वॉल्व को बदलने के लिए अभी ओपन हार्ट सर्जरी का सहारा लेना पड़ता है। या फिर ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वॉल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) प्रोसीजर इस्तेमाल में लाया जाता है। टीएवीआर में जांघ या फिर कंधों से गुजरने वाली मुख्य नसों (आर्टरी) के जरिए आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक पहुंचाया जाता है। लेकिन इसमे कई बार उम्र और आर्टरियों में ब्लॉकिज की समस्या आड़े आ जाती है। ऐसे में ओपन हार्ट सर्जरी का ही विकल्प बचता है। पर अहमदाबाद के डॉक्टरों ने टीवीएआर प्रोसीजर में थोड़ा बदलाव करके वॉल्व बदलने का नया और आसान तरीका खोजा है।

### 82 साल के मरीज को मिली नई जिंदगी

अहमदाबाद के सिम्स अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. धीरेंद्र शाह के मुताबिक, इस केस में 82 साल के मरीज का वॉल्व बदलना था। उसके दिल की छह आर्टरियों में ब्लॉकेज था। इसलिए जांघ या कंधे से गुजरने वाली मुख्य नसों से आर्टिफिशियल वॉल्व को दिल तक नहीं पहुंचा सकते थे। मरीज के फेफड़े-गुर्दे भी कमजोर थे। लिहाजा, ओपन हॉर्ट सर्जरी में भी जोखिम था। इसलिए ऑपरेशन करने वाले डॉ. मिलन चग और उनकी टीम ने प्रोसीजर बदलते हुए मरीज के सीने पर उस जगह दो सेंटीमीटर का छेद किया, जहां दिल का ऊपरी हिस्सा (अयोटा) होता है। इसी के जरिए शरीर में ब्लड सप्लाई होता है। अयोटा से ट्रांसकैथेटर को गुजारकर वॉल्व को दिल तक पहुंचाया। फिर बैलून फुला कर वॉल्व बदल दिया। देश में पहली बार इस तरीके से वॉल्व बदला गया है। यहां 20 फीसदी ओपन हार्ट सर्जरी केवल खराब वॉल्व बदलने के लिए होती हैं।




बिना ओपन हार्ट सर्जरी के ही ऊपरी हिस्से से वॉल्व बदलने का देश में यह पहला मामला है।
-डॉ. समीर दाणी, कार्डियोलॉजिस्ट,अपोलो, गांधीनगर

इस तरह वॉल्व बदलने का यह नया और पहला मामला है। ऑपरेशन करने वाली टीम को बधाईयां।
-डॉ. अतुल माथुर, कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस-एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली

## पीएम मोदी की मुहिम का प्रचार करेंगी खाप पंचायतें

**जींद** |आरक्षण के लिए अब अखिल भारतीय जाट महासभा और खाप पंचायतें अब 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का संदेश देंगे। मोदी के आग्रह के बाद जाट समाज के प्रतिनिधि अपने स्तर पर गांव-गांव जाकर मुहिम का प्रचार करेंगे। गुरुवार को जींद की जाट धर्मशाला में आयोजित बैठक में यह फैसला लिया गया। खाप नेताओं ने कहा, 'हमें मोदी पर विश्वास है। वे जाटों का आरक्षण फिर से बहाल कर देंगे। अब हम भी 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' मुहिम को आगे बढ़ाने का अपना वादा पूरा करेंगे।ओपी मान ने कहा, 'मुहिम की शुरुआत 18 अप्रैल को भिवानी में आयोजित कार्यक्रम में होगी।

## 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना स्थगित

सरकारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 31 मार्च 2015 तक प्रभावी थी योजना

एजेंसी | नई दिल्ली

रिटायरमेंट फंड निकाय ईपीएफओ ने 1,000 रुपए न्यूनतम मासिक पेंशन योजना इस महीने से स्थगित कर दी है। इस फैसले से करीब 32 लाख पेंशनर प्रभावित होंगे। सितंबर 2014 से लागू हुई इस योजना के तहत उन लोगों की पेंशन राशि बढ़ाकर 1,000 रुपए महीना कर दी गई थी, जिन्हें इससे कम पेंशन मिल रही थी। योजना के स्थगित होने से लाभार्थियों को पुरानी दर से पेंशन मिलेगी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने फील्ड ऑफिसेस को भेजे सर्कुलर में कहा है कि यह कदम सरकार की ओर से इस योजना को 31 मार्च से आगे जारी रखने के लिए निर्देश नहीं मिलने के कारण उठाया गया है। सरकार द्वारा पिछले साल 19 अगस्त को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक न्यूनतम पेंशन का लाभ 1 सितंबर 2014 से 31 मार्च 2015 के बीच प्रभावी था।